आईजीयू में 22 से 26 तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह

सीवी रमन इफेक्ट की खोज के लिए मनाया जा रहा सप्ताह

IGU_NEWS

रेवाड़ी। भौतिकी में प्रथम भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. सीवी. रमन द्वारा रमन इफेक्ट की खोज के लिए 28 फरवरी को देशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाएगा।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (आईजीयू) मीरपुर और हरियाणा राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से 22 से 26 फरवरी तक राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोकप्रिय विज्ञान के व्याख्यान के लिए डॉ. हसन जावेद खान सहित अन्य विशेषज्ञ भी अपनी बातें रखेंगे। ब्यूरो

'आई.जी.यू. में राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह का हुआ शुभारंभ'

गांव लूखी के स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला काउंसलर सोनिया गांधी। (गंगाबिशन)

रेवाड़ी, 22 फरवरी (वधवा): जिला के गांव मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से सोमवार को राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ हो गया। जिसका शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.के. गक्खड़ ने किया।

विशिष्टातिथि पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित प्रसिद्ध हड्डी रोग सर्जन डा. एस.एस. यादव का स्वागत किया। डा. एस.एस. यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान की गई सर्जरियों बारे तस्वीर दिखाकर विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि जीवन बहुत छोटा होता है और इसी के साथ-साथ कर्मों को अपने जीवन में ईमानदारी के साथ करते रहने की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें असंभव से दिखने वाले काम के लिए भी प्रयास करते रहना चाहिए। मुख्य वैज्ञानिक और सम्पादक विज्ञान रिपोर्टर, नई दिल्ली डा. हसन जावेद खान ने विज्ञान में फेक न्यूज बारे विस्तार से बताया। राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र से डा. पंकज सेठ ने कोरोना बीमारी के मस्तिष्क पर प्रभाव बारे बताया।

मंच संचालन डा. रीना हुड्डा, दीपिका, दिव्या ने किया। इस कार्यक्रम के संयोजक डा. ए.एस. यादव, को-आर्डिनेटर डा. सुनील कुमार, फार्मेसी और चेयरमैन डा. सरजीत डबास थे। सफल आयोजन पर कुलपति तथा कुलसचिव ने पूरी टीम को बधाई दी और 26 फरवरी तक चलने वाले इस विज्ञान सप्ताह की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

'
व
कें
लि
हो
औ
का
के
व
निदे
के
अति
आर.
शुभक
प्रो. दि
मोनिक
व दीक्ष
2020-
विश्ववि
जाएगा।
को नई
कुलपति
वक्ताओं

'आई.जी.यू. में राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह कार्यक्रम सम्पन्न, विजेता सम्मानित'

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों के साथ कुलपति व अतिथि। (वधवा)

कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते कुलपति व अतिथि। (वधवा)

'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड' में नाम दर्ज कराने वाली पुस्तक का हुआ विमोचन

रेवाड़ी, 26 फरवरी (वधवा): जिले के गांव मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. ए.के. चावला थे। विशिष्टातिथि पूर्व कुल सचिव डा. भगवान सिंह चौधरी थे। मुख्य वक्ता जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से प्रो. दीपक शर्मा थे। कुलपति प्रो. एस.के. गक्खड़ ने शॉल एवं गुलदस्ते भेंटकर सभी मेहमानों का स्वागत किया। प्रो. गक्खड़ ने कहा कि देश के आत्मनिर्भर बनने का सपना विज्ञान द्वारा ही संभव हो सकता है, केवल कुछ सृजनात्मक मस्तिष्क ही सम्पूर्ण देश को बदलने की क्षमता रखते हैं।

मुख्य वक्ता प्रो. दीपक शर्मा ने कहा कि हमें सफलता के लिए अपनी सोच को बड़ा रखना होगा। विज्ञान एक प्रगतिशील विषय है, जो मस्तिष्क को विकसित करता है। इसलिए विज्ञान का विकास सम्पूर्ण देश का विकास है। डा. भगवान सिंह चौधरी ने भी वर्तमान युग में विज्ञान की सार्थकता विषय पर अपने विचार रखे। मुख्यातिथि प्रो. ए.के. चावला ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपको सकारात्मक नजरिया रखना चाहिए और जो अपने अन्दर छिपी हुई प्रतिभा है, उसकी पहचान करके उसे और निखारना चाहिए। कुलसचिव प्रो. ममता कामरा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी।

इस अवसर पर फॉर्मेसी विभाग से डा. सुनील कुमार, बीना कुमारी एवं संगीता द्वारा 'मैडिकल एंड हैल्थ केयर' विषय पर लिखित पुस्तक का विमोचन भी कुलपति द्वारा किया गया। इस पुस्तक ने 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड' में अपना नाम दर्ज कराया है। इस अवसर पर प्रो. एस.एस. चाहर, डा. सुरजीत डबास, डॉ. रश्मि पुंडीर, डॉ. सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता

विभिन्न प्रतियोगिता क्विज में फिजिक्स से योगेश, फॉर्मेसी से नीतिन, जूलोजी से पूजा, केमेस्ट्री से दृष्टि ने प्रथम, जूलोजी से अमित कुमार, फॉर्मेसी से रितेश, बोटनी से छवी जैन ने द्वितीय, बोटनी से नेहा, जूलोजी से केशव व राहुल ने तृतीय तथा ऑन स्पोट पोस्टर मेकिंग में पर्यावरण विज्ञान से मनीषा ने प्रथम, फिजिक्स से प्रियंका ने द्वितीय, बोटनी से रजनी ने तृतीय, वाद-विवाद में फिजिक्स से राधिका ने प्रथम, कैमिस्ट्री से रोहित ने द्वितीय, जूलोजी से केशव ने तृतीय तथा स्लोगन राइटिंग में पर्यावरण विज्ञान से मनीषा सैनी ने प्रथम, बॉयोटैक से ममता व प्राशी ने द्वितीय व तृतीय, साइंटिफिक पोस्टर प्रैजैंटेशन से जूलोजी से केशव ने प्रथम, फॉर्मेसी से नीतिन, अंकित ने द्वितीय, जुलोजी से मुस्कान, फिजिक्स से मीनाक्षी व बोटनी से योगेश शर्मा ने तृतीय रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

'विश्वविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों

'कृषि यंत्रों के लिए भौतिक सत्यापन 28

'रंगोत्सव प्रतियोगि